### मुख्यमंत्री ने इन्वेस्ट यूपी के नए कार्यालय का किया उद्घाटन, निवेशकों के साथ संवाद कर उनके विचारों को सुना

# निवेशकों के भरोसे पर खरा उतरेगा यूपी: योगी

**संबोधन**

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इन्वेस्ट यूपी के नए कार्यालय का उद्घाटन किया तथा इन्वेस्टर्स के साथ संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते 7 वर्षों में उत्तर प्रदेश में निवेश के अनुकूल माहौल तैयार करने के लिए बहुत से रिफॉर्म किए गए हैं और आगे भी रिफॉर्म होने जा रहे हैं, क्योंकि यह आज की आवश्यकता है। यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी के लक्ष्य को प्राप्त करना है तो हमें अधिक से अधिक निवेश को आकर्षित करना ही पड़ेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि फैसिलिटेशन की सुविधा अधिक से अधिक उपलब्ध करानी ही पड़ेगी और उस दिशा में उत्तर प्रदेश पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि पूरा विश्वास है कि देश और दुनिया के इन्वेस्टर्स जिन्होंने हम पर विश्वास जताया है, उनके विश्वास पर यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश पूरी तरह खरा उतरकर उनकी भावनाओं के अनुरूप एक स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उन्हें उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर निवेशकों ने यूपी में निवेश को लेकर अपनी राय रखी और सुझाव भी दिए। सीएम योगी ने सभी को ध्यान से सुना। इससे पहले सीएम योगी ने इन्वेस्ट यूपी की बुकलेट का भी विमोचन किया।

**यूपी बना नजीर:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से 7 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश पर कोई विश्वास नहीं करता था। हम जिससे भी बात करते थे वह यूपी से अपने निवेश को ले जाने की बात तो करता था लेकिन लाने के लिए कोई व्यक्ति तैयार नहीं होता था। आज आप देख रहे होंगे देश के अंदर इन्वेस्टमेंट कैसे होता है यूपी उसकी एक नजीर प्रस्तुत करता है। यूपी के अंदर टेक्नोलॉजी का उपयोग कर हमने इन्वेस्टर को विश्वास दिलाया है कि उन्हें कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। हर एक इन्वेस्टर हमारे लिए अभिनंदनीय होना चाहिए। इस अवसर पर औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मुख्य सचिव डीएस मिश्र, आईडीसी मनोज कुमार सिंह और इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश उपस्थित रहे।




सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोमती नगर स्थित पिकप भवन में इन्वेस्ट यूपी के नए कार्यालय का उद्घाटन किया।

**10 लाख करोड़ का होना चाहिए यूपी का बजट**

सीएम ने कहा कि दूसरे राज्य की एक टीम ने हाल ही में मुझसे पूछा कि क्या आपके यहां सचमुच यूपी का बजट आज 7.5 लाख करोड़ का है? आज से 6 वर्ष पहले तो यह 2 लाख करोड़ का था। तब हमने कहा कि यह 6 वर्ष पहले का यूपी नहीं है। यह नया यूपी है और इस नए यूपी में 7.5 लाख करोड़ से ही हम संतुष्ट नहीं होने वाले हैं। हमारा मानना है कि यह 10 लाख करोड़ से ऊपर का होना चाहिए।

## गर्मियों में पेयजल संकट नहीं होने पाए: मुख्यमंत्री

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि गर्मी का मौसम प्रारंभ हो रहा है। ऐसे में बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में पेयजल के वैकल्पिक प्रबंध किए जाएं। वर्षा कम होने के कारण जलाशयों में अपेक्षाकृत कम पानी है। हमें समय रहते इसके लिए व्यवस्था कर लेनी चाहिए। गर्मी में एक भी दिन एक भी परिवार को पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए।

**सड़क की तुरंत करें मरम्मत:** मुख्यमंत्री ने मंगलवार को जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पेयजल परियोजना के कारण जगह-जगह रोड की खुदाई हुई है। इससे आवागमन प्रभावित हो रहा है, दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। कार्यदायी संस्था की यह जिम्मेदारी है कि कार्य समाप्ति के साथ ही सड़क की मरम्मत हो जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में 'हर घर नल-हर घर जल' के संकल्प के साथ प्रदेश के 2.65 करोड़ ग्रामीण परिवारों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने का महाभियान चल रहा है। जल जीवन मिशन के प्रारंभ से पूर्व मात्र 5.16 लाख परिवारों को ही नल से शुद्ध पेयजल की उपलब्धता थी। लगातार प्रयासों से 2 करोड़ 12 लाख से अधिक परिवारों के लिए शुद्ध पेयजल का सपना साकार हुआ है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन से 100 फीसदी संतृप्त गांवों का-हर एक घर का पारदर्शिता के साथ सत्यापन होना चाहिए।

**02** करोड़ से ज्यादा परिवारों का शुद्ध पेयजल का सपना पूरा

**05** लाख के करीब ग्रामीण परिवार ही पा रहे थे शुद्ध पेयजल